# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/2042 दिनांक 11/10/2013

## // अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.लिब./पी.जी.डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी.) परीक्षा दिसंबर 2013 (महाविद्यालय/अध्ययनशाला)** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

| **विवरण** | **परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **तिथि एवं शुल्क विवरण** | **बी.बी.ए.** | **बी.सी.ए.** | **बी.लिब.** | **पीजीडीसीए** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में जमा करने की तिथि | तिथि | 15.10.2013 To 28.10.2013 | 15.10.2013 To 28.10.2013 | 15.10.2013 To 28.10.2013 | 15.10.2013 To 28.10.2013 |
| | **नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क** | **1540-/** | **1540-/** | **1225-/** | **1540-/** |
| | **भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क** | **1840/-** | **1840/-** | **1525/-** | **1840/-** |
| | **एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क** | **550/- प्रति विषय** | **550/- प्रति विषय** | **550/- प्रति विषय** | **550/- प्रति विषय** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 31.10.2013 | 31.10.2013 | 31.10.2013 | 31.10.2013 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ महाविद्यालय/अध्ययनशाला में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 04.11.2013 | 04.11.2013 | 04.11.2013 | 04.11.2013 |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय/अध्ययनशाला द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | तिथि | **08 नवम्बर 2013** | | | |

**नोटः– उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित 60/– रूपये, भूतपूर्व छात्र 80/– रूपये, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये तथा परीक्षा संचालक शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। समस्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है, जिसमें 110/– की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों से लिया जावेगा।**

**विशेष दिशा–निर्देशः–**

1. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. महाविद्यालयीन छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा तभी स्वीकार किये जायेंगे, जबकि आवेदन–पत्रों के साथ अर्हता परीक्षा की अंकसूची तथा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी किया गया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नंबर तथा ACKNOWLEGEMENT SLIP (शुल्क जमा प्रपत्र) परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें, प्रपत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।
3. प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन अपडेट किये गये परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी की गयी सूची अनिवार्य रूप से परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ लगाकर विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। जमा किये परीक्षा आवेदन–पत्र की सूची अथवा उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज सूची में किसी भी प्रकार का अंतर पाया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा, साथ ही संबंधित छात्र की परीक्षा निरस्त की जाकर उसकी सूचना आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल को भेजी जायेगी।
4. समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।
5. विश्वविद्यालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त प्रवेशित छात्रों की सूची के आधार पर परीक्षा आवेदन–पत्र तैयार कराये गये हैं यदि किसी छात्र के परीक्षा आवेदन–पत्र में – परीक्षार्थी का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में त्रुटि है तो ऐसे परीक्षार्थी की सूची पृथक से अंग्रेजी भाषा में बनाकर विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, जिससे छात्र–छात्राओं के नाम में आयी स्पेलिंग त्रुटि को रोल लिस्ट में सुधारा जा सके।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

C. Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)**